दिनांकः 20.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्र सरकार ने 14 फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दी।
- भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी नवीन महाजन राज्य के नये मुख्य निर्वाचन अधिकारी होंगे।
- दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेशभर में व्यापक तैयारियां–राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में।
- शिक्षा मंत्रालय ने 18 जून को आयोजित हुई यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द की।

..................

केन्द्र सरकार ने 14 फसलों पर विपणन सत्र 2024–25 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। कल केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नई दिल्ली में हुई बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने बैठक में पांच बड़े फैसले लिये हैं। उन्होंने कहा कि धान, कपास, बाजरा, दलहन और तिलहन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार देशभर में दो लाख गोदाम बनाने पर काम कर रही है।

------------

श्री वैष्णव ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने के अलावा, महाराष्ट्र का वधावन बंदरगाह विकसित करने और गुजरात तथा तमिलनाडु में समुद्र तट के पास पहला पवन टर्मिनल विकसित करने का भी निर्णय लिया गया है। सरकार ने वाराणसी हवाई अड्डे के विकास कार्य को भी मंजूरी दी है।

.............

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार देश भर में आवागमन संपर्क सुविधा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इन फैसलों की सराहना करते हुए कहा कि कैबिनेट ने 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढोतरी कर किसान और कृषि हितैषी नीति की निरंतरता स्पष्ट कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी अन्नदाताओं की आय बढ़ाने के सभी प्रयास पुरज़ोर तरीके से जारी रहेंगे।

................

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी नवीन महाजन राज्य के नये मुख्य निर्वाचन अधिकारी होंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने एक अधिसूचना जारी कर श्री महाजन को मौजूदा मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता के स्थान पर लगाया है। श्री गुप्ता इस पद पर जुलाई 2020 से कार्यरत थे। साल 1997 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी नवीन महाजन वर्तमान में राजस्थान स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन के चैयरमैन हैं।

................

कल मनाये जाने वाले दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेशभर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होगा। तैयारियों की समीक्षा के लिए कल स्टेडियम में बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमन पंवार, आयुर्वेद विभाग के उप शासन सचिव सावन कुमार चायल, निदेशक डॉ. आनंद कुमार शर्मा और अन्य संबंधित अधिकारियों ने कार्यक्रम से जुड़ी विभिन्न समितियों के प्रभारियों की मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए गठित 15 समितियों के सभी प्रभारियों ने बैठक में अपनी कार्य प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

योग दिवस को लेकर प्रदेश के अन्य जिलों में भी तैयारियां जोरों पर हैं। इससे पहले योग दिवस के उपलक्ष में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों के तहत सरहदी जिले जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल द्वारा

लगातार पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने आमजन से अपील की हैं कि मुख्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग दिवस के कार्यक्रम होंगे।
फलौदी में होने वाले कार्यक्रम को लेकर जिला कलक्टर एच.एल अटल ने कल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। फलौदी में जिला स्तरीय कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगा। भीलवाड़ा में योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। यहां जिला स्तरीय कार्यक्रम चित्रकूट धाम में होगा। भरतपुर में आम जन में योग के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य कल रैली निकाली गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान सभी से जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गयी।

............

योग विशेषज्ञ अपर्णा शर्मा ने कहा है कि योग स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। सभी को इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।

.............

शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द कर दी है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने 18 जून को देश के विभिन्न शहरों में दो पारियों में यूजीसी–नेट परीक्षा आयोजित की थी। अब यह परीक्षा बाद में नए सिरे से आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी अलग से दी जाएगी। गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की राष्ट्रीय साइबर अपराध विश्लेषण इकाई को परीक्षा में गड़बड़ी की कुछ जानकारी मिली थी जिसके बाद इसे रद्द किया गया। ये मामला गहन जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई को सौंपा जा रहा है।

................

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रदेशभर में आगामी मॉनसून में मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए अधिकारियों को पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। कल जयपुर में स्वास्थ्य भवन में मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मॉनसून में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव, अतिवृष्टि की स्थिति में जलभराव और चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक मरम्मत कार्यों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर की जाएं। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि संयुक्त निदेशक जोन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में जाकर तैयारियों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

................

प्रदेश में भीषण गर्मी और हीटवेव के चलते जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग के अनुसार कल भी जयपुर संभाग में कई स्थानों पर लू चली। जयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं रात में भी गर्म हवाएंचलने से लोगों को तेज गर्मी से राहत नहीं मिली। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा तापमान 44 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड किया गया। चूरू और धौलपुर में पारा 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं कई अन्य स्थानों पर तापमान में मामूली कमी आई। लेकिन तेज गर्मी का दौर जारी रहा। उधर, अलवर में रात में सबसे ज्यादा 35 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने आज जयपुर, कोटा, भरतपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना व्यक्त की है।

...............

आईसीसी टी–ट्वेन्टी क्रिकेट विश्व कप में आज सुपर–8 ग्रुप वन में भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से शुरू होगा।

............